डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांक:सी.ओ.ई–122 / CoE-58 / Scrutiny-MBBS Exam-Feb 2022/TSM/DSMNRU/2022–23 दिनांक 13 .06.2022

चुनौती मूल्यांकन के लिये ऑन–लाइन आवेदन हेतु आवश्यक सूचना

[MBBS-1st Proff., MBBS-2nd Proff. & MBBS 3rd Proff. Part I & II (Reg. & Suppl.)-Examination Feb. 2022 & April 2022]

विश्वविद्यालय में प्रचलित व्यवस्थानुसार चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) हेतु विश्वविद्यालय से सम्बद्ध टी0एस0मिश्रा मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल, लखनऊ में संचालित MBBS पाठ्यक्रम की MBBS-1st Proff., MBBS-2nd Proff. & MBBS 3rd Proff. Part-I&II (Reg.& Suppl.)-Examination-Feb & April 2022 की आयोजित उक्त परीक्षा के माह अप्रैल / मई, 2022 में निर्गत परीक्षाफल के दृष्टिगत् स्कूटनी हेतु विश्वविद्यालय स्तर माँगे गये ऑन–लाइन आवेदन के क्रम में कुल 31 विद्यार्थियों द्वारा ऑन–लाइन प्रेषित किये गये स्कूटनी–आवेदन के अनुक्रम में कार्यालय के निर्गत पत्र संख्या–सीओई–109, 110 एव 111 दिनांक 11.06.2022 द्वारा प्रेषित स्कूटनी–परिणाम के दृष्टिगत विश्वविद्यालय स्तर पर निर्धारित प्रारूप पर ऑन–लाइन आवेदन निम्नानुसार भरना सुनिश्चित किया जाय–

1) विश्वविद्यालय की वेबसाइट **http://dsmru.up.nic.in** पर प्रदर्शित लिंक **https://dsmnruerp.in/mbbs-exam-form-login** से अपने नामांकन संख्या / अनुक्रमांक (EnrollmentNo./RollNo.) के माध्यम से Login करते हुए चुनौती मूल्यांकन हेतु ऑन–लाइन आवेदन **दिनांक 15.06.2022 तक भर सकते हैं।** संबंधित विद्यार्थी उक्त ऑन–लाइन आवेदन की एक स्वहस्ताक्षरित प्रति संबंधित अपने संस्थान / कॉलेज में अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करें तथा एक प्रति अपने पास भी रिकार्ड हेतु अवश्य सुरक्षित रखें।

2) आवेदक / विद्यार्थी चुनौती मूल्यांकन के लिये प्रथम चरण में मूल्यांकित उत्तर–पुस्तिका दिखाये जाने हेतु आवेदन शुल्क रू0 300 / –प्रति प्रश्न–पत्र की दर से बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow के नाम से संचालित खाता संख्या 36510100000025 (IFSC-BARB0MOHAAN) में RTGS/NEFT के माध्यम से ऑनलाइन जमा करेंगे। निर्धारित शुल्क सहित पूर्ण एवं स्पष्ट ऑन–लाइन आवेदन किये बिना चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) नहीं कराया जा सकेगा। अतः संबंधित आवेदक / परीक्षार्थियों से अपेक्षित है कि समयबद्ध ऑन–लाइन आवेदन में समस्त प्रविष्टियॉ सावधानीपूर्वक स्वयं भरें, **क्योंकि आवेदन में किसी भी प्रकार के संशोधन / परिमार्जन एवं अन्यत्र अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा और न ही किसी भी दशा में शुल्क वापसी की जायेगी। अपूर्ण आवेदन किसी भी दशा में मान्य नहीं होगा, जिसके लिये आवेदक / संबंधित संस्थान / कॉलेज स्वयं उत्तरदायी होंगे।**

3) ऑन–लाइन सबमिशन की किसी भी समस्या हेतु हेल्प लाइन नं0–**9667277184** तथा ई–मेल dsmnru.help@gmail.com पर सम्पर्क करें। **4) ऑनलाइन आवेदन–प्रपत्र भरते समय संलग्नक हेतु आवश्यक अभिलेख / निर्देशः–1.** 30-50 KB साइज की स्कैन्ड फोटो सॉफ्ट कॉपी में / 2. 10-30 KB साइज की स्कैन्ड हस्ताक्षर सॉफ्ट कॉपी में।
3. 30-50 KB साइज में शुल्क सम्बंधी रसीद की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी में / 4. दिव्यांगता प्रमाण–पत्र की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी, यदि लागू हो। 5. फोटाग्राफ, हस्ताक्षर, अन्य अभिलेख किसी एक प्रारूप .jpeg, .jpg, .png, .tif में।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1 मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. प्राचार्य, टी0एस0 मिश्रा मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि अपने स्तर से उपरोक्तानुसार तत्काल सूचित करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा ऑनलाइन आवेदन का सूचीबद्ध विवरण परीक्षणोपरान्त यथाशीघ्र ससमय अनिवार्य रूप से प्रेषित करते हुए **दिनांक 16.06.2022 को दोपहर 12:00 बजे से विद्यार्थियों को संबंधित उत्तर पुस्तिका दिखाये जाने हेतु विश्वविद्यालय में उपस्थित होने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।**
5. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करने हेतु।
6. शाखा प्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा, मोहान रोड, विश्वविद्यालय, परिसर, लखनऊ।
7. परीक्षा विभाग के समस्त प्रकोष्ठ / अनुभाग एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एजेन्सी के प्रतिनिधि।

13/6/22
(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक